दिन– सोमवार दिनांक– 02/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज में रूकावट आई। दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया। इस कारण कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद एक व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों, संभल में हिंसा और मणिपुर की स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष की नारेबाजी जारी रही। इसके बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी। जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तब भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। जिसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। इधर, राज्यसभा में भी विपक्ष ने इन्हीं मुद्दों को लेकर हंगामा किया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और डीएमके के सदस्यों के हंगामे के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रश्न काल चलाने की कोशिश की लेकिन यह संभव नहीं हो पाया इसलिए सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

---

राज्य स्वास्थ्य समिति ने सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ की परीक्षा रद्द कर दी है। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार रविवार को ली गई परीक्षा और आज होने वाली परीक्षा दोनों रद्द कर दी गई है। समिति ने कहा है कि परीक्षा की नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल हुई परीक्षा के दौरान ऑनलाइन सेंटर पर गड़बड़ी पाई गई थी। इस मामले में सैंतीस सदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। आर्थिक अपराध इकाई की टीम आज भी कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

—————————————————————————

सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश महासचिव गणेश पासवान का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

—————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापामान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान चौदह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

—————————————————————————

गया नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर छत्तीस साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि एक कॉल सेंटर की आड़ में लोगों से धोखधड़ी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मौके से तीन लैपटॉप, तैंतीस मोबाइल फोन और तैंतीस सिम कार्ड बरामद किए गए है।

—————————————————————————

पटना के परसा बाजार स्थित बागपुर गांव में बिजली के एक ट्रान्सफॉर्मर में विस्फोट होने से तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। तीनों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

पटना के फतुहा में अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आपसी विवाद को हत्या का कारण बताया है।

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर लगभग आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

समाप्त